संख्याः 1719/69-1-97-02(एस.डी.)/97

प्रेषक,

श्री सुबोध नाथ झा,
प्रमुख सचिव,
उ.प्र. शासन

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नागर विकास अभिकरण,
उ.प्र. लखनऊ।

लखनऊ, दिनांक, 03 नवम्बर, 1997

नगरीय रोज़गार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अनुभाग

विषय: **राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम (एन.एस.डी.पी.) का कार्यान्वयन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1336/69-1-97-02–(एस.डी.)/97 दिनांक 23 सितम्बर, 1997 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत स्थित मंसूरी नगर, प्रधानमंत्री एकीकृत नगरीय गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम से आच्छादित नहीं है। अतः पर्यटक स्थल की महत्ता को देखते हुए शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त जनपद देहरादून के अन्तर्गत स्थित मंसूरी नगर को एतद् द्वारा राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत चयनित किया जाता है।

2– उपर्युक्तानुसार राष्ट्रीय मलिन बस्ती सुधार कार्यक्रम का क्रियान्वयन अब प्रदेश के श्रेणी–1 के कुल 42 नगरों में किया जायेगा।

3– अतः अनुरोध है कि संबंधित परियोजना निदेशक/परियोजना अधिकारी आदि को जारी मार्ग निर्देशों की प्रतियों भेजते हुए समुचित दिशा निर्देश जारी करने तथा संबंधित नगर में योजना को क्रियान्वयन हेतु धनराशि अवमुक्त करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुबोध नाथ झा)
प्रमुख सचिव

संख्याः **1719(1) /69-1-97-02** (एस.डी.) **97**, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष जिला नागर विकास अभिकरण, देहरादून, उ.प्र.

(2) परियोजना निदेशक जिला नागर विकास अभिकरण, देहरादून, उ.प्र.

(3) परियोजनाधिकारी, जिला नागर विकास अभिकरण, देहरादून।

(4) गार्ड बुक हेतु।

आज्ञा से,

(टीकम सिंह पंवार)
अनुसचिव।